



# महाराष्ट्र में बंधक 12 मजदूरों को प्रशासन ने मुक्त कराया

## जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में मजदूर वापस घर पहुंचे



नवभारत न्यूज

**मैहर 26 अक्टूबर। मामला मैहर जिले के निवासी ग्रामीण जो कमाने खाने के लिए अगस्त 2025 को अपने परिवार के साथ घर से निकले थे जिसमें 12 लोग आदमी औरत बच्चे और लड़कियां भी थी जिसके बाद ये सभी महाराष्ट के जालना पहुंच गया जहां एक व्यक्ति द्वारा खेत में संतरे तोड़ने का काम दिया गया जिसके बाद सभी राजी खुशी से काम करने लगे**

दीपावली के कुछ दिन पहले इन सभी लोगों ने अपने घर जाने की बात कही जिसपर जालना के ग्राम सुखापु?ी का आबा नाम का व्यक्ति ने भेजने से मना कर दिया मजदूरों के बताए अनुसार उसने कहा कि संतरा तोड़ने के बाद अगले महीने से गन्ने की कटाई कर के सभी वापस जाओगे

जिसपर मैहर के ग्रामीण ने विरोध किया तो मारने पीटने की धमकी देते हुए कड़ी निगरानी शुरू रखने लगे डर के माहौल में मजदूर काम करने लगे दबे दबाना सभी लोगों ने चुपचाप से अपने घर लोगों को फोन में सूचना दी जिसके बाद जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचना मिली जिसपर कार्यवाही करते हुए महाराष्ट पुलिस से बात हुए जिसके बाद सभी लोगों को सुरक्षित वहां से छोड़ गया सभी मजदूर अपना समान लेकर महाराष्ट से ट्रेन के रास्ते इटारसी होते हुए मैहर पहुंचे जहां श्रम निरीक्षक नरेश पटेल ने सभी का रेलवे स्टेशन में स्वागत किया एवं सभी मजदूरों से बात कर रिपोर्ट तैयार की



# गोरखपुर वैदिक सम्मेलन में चित्रकूट के सामवेद आचार्य संजय तिवारी सम्मानित

## देश भर के विद्वान पहुंचे

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 26 अक्टूबर। श्रीपद्यवैद्यम तीर्थ वेद विद्यालय गुरौली गोरखपुर एवं महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 25 अक्टूबर 25 तक क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन वृंदावन लान निकट पराग डेयरी गोरखपुर में संपन्न हुआ। समापन समारोह में**

श्री गुरु वशिष्ठ वेद विद्यालय, सरैया केलहनपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के साम वेद आचार्य पं.संजय तिवारी पुत्र विनोद तिवारी वरिष्ठ पत्रकार सतना/चित्रकूट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम तीन दिन न देश भर से वेद और संस्कृत के विद्वानों विभिन्न विषयों में मंथन किया। सम्मेलन में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति आचार्य मुरली मनोहर पाठक, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, महर्षि सांदीपनि वेद प्रतिष्ठान उज्जैन के सदस्य प्रो.विरुपाक्ष जड्डीपाल ,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वैदिक केंद्र के पूर्व निदेशक प्रो.उपेन्द्र त्रिपाठी, महात्मा गांधी विद्यापीठ संस्कृत विभाग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.राम मूर्ति चतुर्वेदी, इंदिरा गांधी जनजातीय विश्व विद्यालय अमरकंटक के पूर्व कुलपति प्रो. प्रकाशमणि त्रिपाठी द्वारकाधीस रिसर्च इंडोलाजिकल इकाडमी के पूर्व निर्देशक प्रो. जय प्रकाश द्विवेदी, श्रीगोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के आचार्य प्रो. प्रागेश मिश्रा आदि ने अपने विचार साझा किया।

# नमकीन गोदाम और दुकान में भड़की आग



नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 26 अक्टूबर। रविवार देर रात अमरपाटन कस्बे के सतना चौराहा स्थित किराना गोदाम में अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं अनुमान है कि इस हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।**

रात 2:30 बजे लगी आग, पुलिस और दमकल ने संभाली स्थिति रात करीब 2:30 बजे सतना चौराहे पर गश्त कर रही डायल 112 की पुलिस टीम ने धुआं उठता देखा और तत्काल थाना प्रभारी को सूचना दी।थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड, बिजली विभाग एवं जेई को तुरंत सूचना दी।पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने तत्परता दिखाते हुए मैहर और रामनगर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भेजीं। क?ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

**जान की बाजी लगाकर आग पर पाया काबू**-गोदाम की लंबाई अधिक होने से फायर ब्रिगेड की पाइप आग के मूल स्थान तक नहीं पहुंच पा रही थी। ऐसे कठिन हालात में दमकल टीम के साथ थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते स्वयं टीम के साथ बाल्टी-बाल्टी पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। उनकी तत्परता और साहस से बड़ा हादसा टल गया।

वहीं मैहर पुलिस कप्तान अवधेस प्रताप सिंह ने आग पर काबू पाने तक पल पल का लिया अपडेट। थोक व्यापारी के परिवार की जान बची आग जिस गोदाम में लगी, वह थोक किराना व्यापारी अजीत कुमार जैन की दुकान और गोदाम था। गोदाम के ठीक ऊपर ही उनका परिवार रहता है। सौभाग्य से आग ऊपर तक नहीं पहुंची और परिवार सुरक्षित बच गया। लाखों का नुकसान, जांच में जुटी पुलिस गोदाम के अंदर रखा किराना और अन्य सामान जलकर राख हो गया। अनुमान है कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

## खेलकूद से बच्चों में अनुशासन व राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती है : एसपी

**चित्रकूट, 26 अक्टूबर** चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी में दो दिवसीय 27वां जनपदीय बालक-बालिका खेलकूद समारोह सफ्लता पूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रतियोगिताओं में कर्वी, राजापुर, मऊ, मानिकपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का षानदार प्रदर्षन किया। दो दिन चले इस समारोह में खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कर्वी क्षेत्र सर्वाधिक अंक 489 हासिल कर चैम्पियन रहा । जबकि 234 अंक प्राप्त कर मानिकपुर दूसरे स्थान पर तथा 133 अंक प्राप्त कर मऊ तीसरे नम्बर पर रहा।

## एक नजर में



### भारत पेंशनर समाज संगठन इकाई ताला मुकुन्दपुर सम्मान समारोह आयोजित

**मुकुन्दपुर ।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर में भारत पेंशनर समाज संगठन इकाई ताला मुकुंदपुर का सम्मान समारोह भगवान जगन्नाथ की धारा में डॉ राम सरोज दुबे शांत दूत के मुख्य अतिथि एवं पेंशनर्स समाज के जिला अध्यक्ष लालमन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुर के भैया बहनों के सरस्वती वंदना एवं लोकगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई भगवान जगन्नाथ की धारा में अमरपाटन स्कूल गम कस्टर आमीन जमुना आदि स्थानों के सैकड़ों पेंशनर समझ में उपस्थित रहे। विजय राज सिंह बघेल, राम सिंह बघेल, महावीर प्रसाद शर्मा एवं महेश प्रसाद तिवारी को शाल श्री फल देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद चंद्र डॉक्टर राम सरोज दुबे , रघुनाथ पांडेय भ्रमण विवेक द्विवेदी की उपस्थिति एवं कविता पाठ द्वारा सदस्यों एवं आमजन को अत्यंत प्रभावित किया स्थानीय साहित्यकार सीता शरण गुप्त ने मुकुंदपुर की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक संरचना प्रस्तुत की भगवत प्रसाद शुक्ला, राजेंद्र सिंह एवं गोवर्धन त्रिपाठी तथा जिला अध्यक्ष लालमणि सिंह द्वारा उद्बोधन दिया गया कार्यक्रम का संचालन भारत पेंशनर समाज इकाई ताला के अध्यक्ष दिनेश सिंह बघेल द्वारा किया गया छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए एवं अंत में राजेंद्र सिंह द्वारा आभार प्रकट करते हुए आने वाले वर्ष में भी इसी प्रकार कार्यक्रम करने का सुझाव दिया धन्यवाद दिया गया।



### जसो मंडल के बूथों में सुनी गई मोदी जी के मन की बात

**नागौद ।** भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित श्री भगवती प्रसाद पांडेय के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी नागौद विधानसभा के जसो मंडल में शक्ति केंद्र चुनहा के बूथ क्रमांक 64 में मोदी जी के मन की बात का 127वां संस्करण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुना और उसके पश्चात जसो मंडल के सभी 61 बूथों में मोदी जी की मन की बात का कार्यक्रम सुनने के पश्चात संगठन एप एवं सरल एप में फीडिंग की गई। उक्त मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री एवं जसो मंडल के मंडल प्रभारी श्री कृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट), मंडल अध्यक्ष जसो प्रबल प्रताप सिंह, आईटी सेल के जिला सहसंयोजक शिवनारायण पांडे, किसान मोर्चा के जिला मंत्री विशंभर प्रसाद द्विवेदी, ग्राम पंचायत चुनहा के सरपंच पारसनाथ शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष लखन लाल मिश्रा, श्रीमती सरोज सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनेंद्र गर्ग, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता बैरागी, तुलसीदास बैरागी,दिनेश कुमार गर्ग, उमाशंकर शर्मा उपस्थित रहे।

### इच्छा शक्ति की कमी की वजह से नहीं लग पा रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में ट्रांसफार्मर




**कोठी ।** क्षेत्र वासियों की मांग पर कई प्रयास करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में क्षेत्र वासियों को डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा प्राप्त होनी थी परंतु उसमें ट्रांसफार्मर की अड़चन आ रही थी और 2 वर्षों से अधिक समय गुजर गया अधिकारी एवं जिम्मेदार सभी ट्रांसफार्मर के लिए रकम का रोना रो रहे थे इसके बाद क्षेत्र वासियों द्वारा कहा गया कि यह रकम हम सभी मिलकर देने को तैयार है जब यह बात क्षेत्रीय लोगों ने उठाई तब सीएमएचओ एलके तिवारी ने संज्ञान लेते हुए जरूरी रकम विभाग से स्वीकृत करवाई थी और सितंबर माह में ही ट्रांसफार्मर लगवा कर डिजिटल एक्सरे मशीन चालू करवाने की बात कही गई थी परंतु अक्टूबर का महीना खत्म होने चला किसी भी जिम्मेदार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई जिससे क्षेत्रवासियों को अभी भी एक्स-रे के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है और मनमानी रूप से वह लूट का शिकार होता है सतना जाता है तो एक ओर पैसे की बर्बादी होती है वहीं दूसरी ओर समय भी अधिक लगता है जिससे वह दुखी एवं पीड़ित है लोगों ने कहा कि जिम्मेदारों की इच्छा शक्ति की कमी एवं कमीशन के खेल के चलते ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया जा रहा है।




# टीआरएस एवं आरसी ने जीते अपने-अपने मैच

नवभारत न्यूज

**कोठी 26 अक्टूबर। खेल मैदान कोठी में जारी छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति कोठी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज दो मैच खेले गए।**

> छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति केपीएल क्रिकेट लीग का दूसरा दिन

पहला मैच डी डबल्यू एवं टीआरएस के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए डी डबल्यू की टीम टीआरएस की टीम को 105 रनों का लक्ष्य दिया जिसमें दो विकेट से टीआरएस की टीम ने मैच जीत लिया अंबिका सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया परंतु यह पुरस्कार उन्होंने अपने साथी आदर्श को डोनेट कर दिया, वही दूसरा मैच आरसी एवं एसटीएल के मध्य खेला गया जिसमें पहले बैटिंग करते हुए आरसी की टीम ने विपक्षी टीम को 155 रनो का लक्ष्य दिया परंतु विपक्षी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई और 72 रन से मैच हार गई और आरसी की टीम ने शानदार तरीके से मैच जीत लिया दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच कपिल सिंह रहे ,आज के मैच के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह बड़ौर व आयोजन समिति के अन्य सदस्य तथा कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे और मैच के दौरान सभी व्यवस्थाएं देखीं।

# अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए मैहर पुलिस का नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन

## कॉम्बिंग गस्त के दौरान लंबे समय से फरार 35 स्थाई - गिरफ्तारी वॉरंट तामील कराए गए



नवभारत न्यूज

**मैहर 26 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में दिनांक 25 - 26/10/25 की रात्रि अपराधियों की धरपकड़ हेतु कॉम्बिंग गस्त का आयोजन किया गया था। समस्त थाना- चौकियों के आधिकारी कर्मचारियों द्वारा अधिक से अधिक पुलिस बल के साथ धरपकड़ करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 35 वारंट तामील कराए गए।**

गस्त के दौरान 30 निगरानी बदमाश ,62 गुंडा बदमाश एवम जेल से रिहा 3 अपराधियों को चैक किया गया एवं उन्हे भविष्य में अपराध एवम आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। होटल/ढाबा एवम सार्वजानिक स्थानों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान रात्रि में बेवजह घूमने वाले लोगों/ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई व उन्हे बिना काम के रात्रि में अनावश्यक न घूमने की समझाइश दी गई।

# शिक्षक मनमानी ,डिठौरा शा .एकीकृत माध्यमिक शाला बनी बीमारू




नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 26 अक्टूबर। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिठौरा में स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला को पदस्थ शिक्षकों ने बीमारू शाला बनाकर रख दिये हैं। यहां के 5वीं 6वीं 7वीं 8वीं के छात्र-छात्राओं से ककहरा तक नहीं आता-जाता है ऐसी हालत बनाकर रख दिये हैं।**

ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि यहां के पदस्थ शिक्षक 11 से 12 बजे के करीब आते हैं और 2.30 से 3 बजे के करीब स्कूल का ताला बंद हो जाता है ।और इस समय पर भी यहां के शिक्षक गपसप में व्यस्त रहते हैं ।गौखरकौनी की तरह बच्चों को शाला में बैठाकर रखा जाता है। इसीलिए छात्र-छात्राओं से सही ढ़ंग से ककहरा तक नहीं आता-जाता। जबकि प्रशासन स्तर से मोटी तनख्वाह पाते हैं। एससी-एसटी वर्ग के लोगों को द्वारा कहा जा रहा है कि पदस्थ शिक्षक गरीब एससी-एसटी वर्ग के बच्चों को इसलिए शिक्षा सही नहीं दी जाती है ताकि गरीब एससी-एसटी वर्ग के बच्चों को नौकरी न मिल पाये। उक्त शाला की हालात तो बंद से बद्तर है साफ सफाई की जगह गन्दगी में तब्दील है इन दिनों डिठौर की उक्त विद्यालय की वीडियो शोसल मीडिया में वायरल हो रही है। गरीब एससी-एसटी वर्ग के लोगों ने जिला कलेक्टर मैहर के साथ जिला शिक्षा अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ठोस कार्यवाही कराये जाने की पुकार लगायें हैं।

**इनका कहना है** - शिक्षक गुरू का रूप होता है शिक्षकों को भेदभाव नहीं करना चाहिए।और पदस्थ शिक्षकों को प्रशासन द्वारा अच्छी खासी मोटी तनख्वाह भी मिलती है।

**दीपक कुशवाहा**

## अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली संवारने क्षेत्रीय लोगों को चढ़ा जुनून

**कोठी ।** इन दिनों कोठी सहित आसपास के क्षेत्रीय लोगों को बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली मनकहरी गढ़ी को पुनर्जीवित कर संरक्षित करने का जुनून चढ़ा है जिसके लिए संगठन के पदाधिकारी जी जान से मेहनत कर रहे हैं और एक के बाद एक लगातार बैठक का आयोजन कर लोगों को इस अभियान से जोड़ रहे हैं । लोग भी इसमें आगे आकर सहभागिता अदा कर रहे हैं और गर्व महसूस कर रहे हैं कि जो कार्य सरकार के जिम्मेदारों को करना चाहिए वह कार्य क्षेत्र की जनता कर रही है ,बाबा रणमत सिंह की जन्मस्थली गढ़ी मनकारी को पुनर्जीवित करने के लिए कई बार समाचार पत्रों में पत्राचार किया गया रैलियां निकाली गई और जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया गया परंतु इस दिशा पर जब कोई कार्य नहीं हुआ तो क्षेत्रीय लोगों ने वीणा उठाया और संकल्पित होकर बाबा की जन्मस्थली संवारने के लिए कार्य करने लगे और अब गांव-गांव जाकर बैठके आयोजित कर रहे हैं और लोगों से सहायता लेकर धनराशि एकत्रित की जा रही है लाखों रुपए से ऊपर संगठन में राशि एकत्रित हो चुकी है आगे चलकर यह रकम कई लाख में हो जाएगी जिससे जन्मस्थली को संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा ।

# भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 26 अक्टूबर। जिला मुख्यालय के बल्दाऊ गंज में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में हाथी-घोड़े व भगवान की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। प्रथम दिन कथा वाचक आचार्य अनुराग शास्त्री ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा सुनाई।**

कथा यजमान राम आसरे श्रीवास्तव के आवास से शुरु हुई भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करते हुए बल्दाऊ मंदिर होते हुए मन्दाकिनी नदी के घाट से जल लेकर कथा स्थल पहुंची। कथा के पहले दिन व्यास आचार्य अनुराग शास्त्री जी महाराज श्रीधाम चित्रकूट ने भागवत कथा के महात्म्य के बारे मे विस्तार से बताया। कहा कि सभी को भक्ति के साथ ज्ञान व वैराग्य को भी धारण करना है। भगवान के नाम की चर्चा करते हुए भगवान के नाम कीर्तन का महत्व बताया। कहा कि कलियुग में भगवान का नाम ही लाभकारी है।

कथा व्यवस्थापक अखिलेश श्रीवास्तव व उमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 26 अक्टूबर को शिव-पार्वती विवाह, 27 अक्टूबर को ध्रुव, भरत, प्रह्लाद चरित्र और वामन अवतार की पवित्र झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 28 को सूर्यवंश व चंद्रवंश का निरूपण, श्रीराम जन्मोत्सव एवं चंद्रवंश का वर्णन होगा। 29 को बाल लीला, गोकुल लीला, वृंदावन लीला और गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। 30 को श्रीकृष्ण की मथुरा गमन, कंस वध, गोपी उत्सव संवाद एवं कृष्ण रुक्मिणी विवाह महोत्सव की कथा होगी। 31 को सुदामा चरित्र, विवाह प्रसंग और श्रीमद्भागवत कथा का सारांश व अंतिम श्लोक का वाचन किया जाएगा। इसके बाद एक नवंबर को हवन एवं दो नवंबर को महाप्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा में हारमोनियम में राजा मिश्रा, तबला में सौरभ पाण्डेय, ऑर्गन में विप्लव कुमार, पैड में ओमप्रकाश अपनी सेवा दे रहे है।

इस मौके पर यजमान राम आसरे श्रीवास्तव, सावित्री श्रीवास्तव, श्रद्धालुकृष्ण कुमार श्रीवास्तव, कंचन लता श्रीवास्तव, आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# मैहर जिले से जुड़कर रामनगर क्षेत्र को कितना फायदा कितना नुकसान, न घटी दूरी, बढ़ी जी हुजूरी

नवभारत न्यूज

**रामनगर 26 अक्टूबर। मध्यप्रदेश के मैहर जिले के गठन में मैहर रामनगर, अमरपाटन को मिलाकर कथित विकास का खाका खींचा जा रहा है, लेकिन रामनगर तहसील के सैकड़ो ग्राम वासियों सहित नगरीय परिक्षेत्र के लोगों की मुसीबत बढ़ गई है, जिसके चलते एक तो समस्त दस्तावेजों में सुधार के लिए अनावश्यक व्यय भार श्रम व समय जाया हो रहा है वहीं कुछ सरकारी विभागों का काम पुराने जिले से ही चल रहा है।**

आलम यह है कि मैहर के बाद सतना के भी चक्कर लगाने ही पड़ते है ,वहीं अब नए कलेक्ट्रेट भवन की रूपरेखा कटनी रोड पर ग्राम धतूरा के पास बनने की खबर से क्षेत्रीय नागरिक हताश व निराश दिख रहे है,एक तो वैसे भी बाणसागर डूब विस्थापन के चलते अल्प,शिक्षा,स्वास्थ्य व अन्य सुविधा संसाधनों के सहारे दिन काट रहे ग्रामीणों को सुविधाओ के नाम पर चक्कर घिन्नी बनाने की कहानी के चलते क्षेत्रीय लोगो को जंहा आगामी दिनों में विधानसभा क्षेत्र होने का तमंगा मिल सकता है, रामनगर में आईटीआई के मात्र कुछ ट्रेड खुले है ,उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालय में न तो नर्सिंग,पढ़ सकते,न कृषि संकाय,न ही कम्प्यूटर साइंस की कोई डिग्री या डिप्लोमा, और तो और टेक्निकल व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का कोई ठिकाना ही है, आर्ट, क्राफ्ट, साइंस, लिटरेचर,की पढ़ाई लिखाई ,प्रयोग,के नाम पर कोरम पूर्ति जारी है,क्षेत्र में अब तक न तो किसानों के लिए बचे कृषि रकबे हेतु नहर की सुविधा हो पाई है और न ही स्वीकृति के बाद अब तक श्रंखला न्यायालय का शुभारंभ हो पाया है,वही सड़क सुविधाओ की बहाली भी ठीक ठाक ही है,रेल सुविधाओ के लिए क्षेत्रवासी सपने देख सकते है लेकिन मांग के बाद भी पूर्ति के अवसर कम ही समझ मे आते है,क्षेत्र के अधिकांश लोग जंहा सतना के पक्ष में खड़े है वही कुछ लोग मैहर की खूबियां गिना रहे है,यह बात अलग है कि देवी धाम मैहर में भीड़ बढ़ाने के लिए आम जन मानस को प्रदूषण के बीच फेंक कर चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के चलते कितना फायदा मिलेगा कह नही सकते,हालांकि अमरपाटन,रामनगर क्षेत्र के विद्वान अभिभाषकों द्वारा अमरपाटन मैहर के बीच मे नवीन कलेक्ट्रेट व अन्य सरकारी भवन निर्माण के लिए प्रकल्प चलाया जा रहा है जिन्हें क्षेत्रीय नेताओ सहित आम जनता का भी भरपूर समर्थन मिलता देखा जा रहा है,अगर सरकार व प्रशासन उक्त मामले पर संज्ञान लेकर कार्यवाही नही करता है तो रामनगर व अमरपाटन क्षेत्र की जनता मैहर जिले से दूरी बना सकती है,मैहर जिला बनते ही लगातार माइंस की बढ़ती संख्या,क्षेत्र में ब?ता प्रदूषण,,जिगना, खोडरी, हिनौती, उचेहरा, मर्यादपुर व अन्य ग्रामो में लगे जंगलों का सफाया,अवैध बालू,खनिज उत्खनन,बढ गया है, सीमेंट, क्रेसर कम्पनियां लगातार ब्लास्टिंग करके वन्य व जैविक पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुचा रही है,आधा स्टाफ सतना तो आधा मैहर में बटनें से कार्यवाहियों के नाम पर झुनझुना आम है,,वैसे भी इन दिनों समाधान ऑन लाइन का कारोबार चालू है ऑफ लाइन समस्या भले ही खड़ी हो लेकिन ऑन लाइन निपटारा होना ही चाहिए,क्योकि ग्रेडिंग सुधार करना ही है भले ही जिले की ग्राम पंचायते,नगर पंचायते, सरकारी, अस्पताल,विद्यालय, सरकारी कार्यालय, राजस्व हवन के नए-नए तरीके खोजकर विकास यात्रा में मेट्रो स्पीड से गति कर रहे हो और सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मन की बात सुनकर पूरी तरह से मन की मनमानी कर रहे हैं।